Newspaper : Jansatta
Edition: Delhi | Date: 25th October, 2019 | Pg. : 14

चार दिन में चार संदेश देंगे केवी के विद्यार्थी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 अक्तूबर।

'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पर्व में ढाई हजार प्रतियोगी लेंगे भाग

केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के चार दिवसीय पर्व 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' में विद्यार्थी लोगों को चार संदेश देंगे। इसमें फिट इंडिया, समग्र शिक्षा जल सुरक्षा, एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध और स्वच्छ भारत शामिल है। हर दिन एक थीम के आधार पर प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

इस बार पर्व में देश भर के 2300 से अधिक विद्यार्थी सहित 2500 प्रतियोगी भाग लेंगे। पिछले साल 1600 से कुछ अधिक विद्यार्थियों ने इस पर्व में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। 31 अक्तूबर से शुरू होने वाला यह पर्व इंडिया गेट के लॉन में आयोजित होगा। इसका उद्घाटन केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक करेंगे। पर्व में पहली बार 'भाषा संगम' होने जा रहा है। इसके तहत केवीएस के 25 संभाग के विद्यार्थी एक-दूसरे से उसकी भाषा में बात करेंगे। इस दौरान वे सौ वाक्य या तो लिखेंगे या बोलेंगे।